Drishti IAS

डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

मई भाग-2
2023

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440,
Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

प्रश्न भाग-2

1. कार्बन डेटिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. यह पद्धति इस तथ्य पर आधारित है कि कार्बन-14 (C-14) रेडियोधर्मी है और उचित दर पर इसका क्षय होता है।

B. इसका उपयोग चट्टानों जैसी निर्जीव वस्तुओं की आयु निर्धारित करने हेतु नहीं किया जा सकता है।

C. इसका उपयोग 100,000 वर्ष जितनी पुरानी वस्तुओं की आयु निर्धारित करने हेतु किया जा सकता है।

D. इनमें से कोई भी नहीं।

2. वर्ष 2001 में शंघाई सहयोग संगठन के निर्माण से पहले निम्नलिखित में से कौन शंघाई फाइव के सदस्य थे?

1. कज़ाखस्तान
2. उज़्बेकिस्तान
3. ताजिकिस्तान
4. पाकिस्तान
5. तुर्कमेनिस्तान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1, 2 और 5

C. केवल 2, 3, 4 और 5

D. केवल 1, 3 और 5

3.भारत में विभिन्न रक्षा शस्त्रागार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. तेजस विमान एक बहु-भूमिका वाला सुपरसोनिक विमान है जिसे भारत में स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और विकसित किया गया है।
2. अस्त्र सभी मौसम में दृश्य-सीमा से परे हवा-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल है।
3. LCH प्रचंड पहला स्वदेशी मल्टी-रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

4. मिशन LiFE के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. LiFE का विचार 26वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP26) के दौरान पेश किया गया था।
2. यह मिशन व्यक्तियों के वैश्विक नेटवर्क 'प्रो-प्लैनेट पीपल' (P3) को बनाने और पोषित करने की योजना बना रहा है।
3. इस मिशन ने प्रचलित 'यूज़ एंड डिस्पोज़' अर्थव्यवस्था को एक चक्रीय अर्थव्यवस्था के साथ बदलने की कल्पना की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

5. घड़ियाल प्रजाति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. घड़ियाल भारतीय उपमहाद्वीप की स्थानीय अद्वितीय मगरमच्छ प्रजाति है।
2. घड़ियाल मुख्य रूप से भारत में चंबल नदी में पाए जाते हैं।
3. IUCN की रेड लिस्ट में घड़ियालों को सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

6. 'भूमि पुनरुद्धार' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भूमि पुनरुद्धार' नई भूमि बनाने या जल निकायों से कृत्रिम रूप से भरने या क्षेत्रों को पुन: प्राप्त करने के द्वारा मौजूदा भू-भाग का विस्तार करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है।
2. भूमि पुनरुद्धार द्वारा प्रवासी पक्षियों और समुद्री जीवन हेतु कृत्रिम द्वीपों का निर्माण किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?

1. लीक हुए बायोमेट्रिक विवरणों का उपयोग पीड़ितों के खातों से धन निकालने के लिये किया जा सकता है जिसमें वन टाइम पासवर्ड (OTP) की आवश्यकता नहीं पड़ती है।
2. आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI), भारतीय बैंक संघ (IBA) और भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की एक संयुक्त परियोजना द्वारा अपनाया गया था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

8. अल्ज़ाइमर रोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह डिमेंशिया का सबसे आम कारण है।
2. केवल जीन उत्परिवर्तन ही अल्ज़ाइमर के जोखिम का कारण बन सकता है।
3. वर्तमान में इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

9. मशीन लर्निंग (ML) में ट्रांसफॉर्मर की विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे एक प्रकार के डीप लर्निंग मॉडल हैं जिनका उपयोग प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP) और कंप्यूटर विज़न (CV) कार्यों के लिये किया जाता है।
2. ट्रांसफॉर्मर पूरे इनपुट डेटा को एक साथ प्रोसेस कर सकता है।
3. उन्होंने पूर्व-प्रशिक्षित प्रणाली जनरेटिव प्री-प्रशिक्षित ट्रांसफार्मर (GPT) के विकास का नेतृत्व किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं।

A. 1 और 2 केवल
B. 2 और 3 केवल
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पर्माफ्रॉस्ट अनिवार्य रूप से कोई भी भूमि है जो कम से कम दो वर्षों तक जमी हुई रहती है।
2. पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र हमेशा बर्फ से ढके रहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

11. 'मिशन डेफस्पेस' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका प्राथमिक उद्देश्य अंतरिक्ष मिशन के सभी पहलुओं - रणनीतिक मिशन योजना से लेकर अत्याधुनिक उपग्रह डेटा विश्लेषण तक की चुनौतियों का सामना करके भारतीय निजी अंतरिक्ष उद्योग के विकास को बढ़ावा देना है।
2. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), मिशन डेफस्पेस (Mission DefSpace) का नोडल प्रभारी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

12. ग्लोबल फाइनेंशियल इनोवेशन नेटवर्क (GFIN) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उपभोक्ताओं के लाभ के लिये वित्तीय नवाचार का समर्थन करने हेतु प्रतिबद्ध 80 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का एक संघ है।
2. GFIN वर्तमान में यूनाइटेड किंगडम में एक अग्रणी नियामक निकाय वित्तीय आचरण प्राधिकरण (Financial Conduct Authority- FCA) की अध्यक्षता में है।
3. भारत की ओर से केवल भारतीय रिज़र्व बैंक ही इसका सदस्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

13. भारत में मत्स्य क्षेत्र की स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत तीसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा जलीय कृषि उत्पादक है।
2. मत्स्य पालन और जलीय कृषि उद्योगों को सनराइज़ क्षेत्र माना जाता है।
3. आंध्र प्रदेश भारत में मत्स्य का सबसे बड़ा उत्पादक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

14. महासागर अम्लीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. समुद्र द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड के अवशोषण में वृद्धि से उच्च अम्लता की स्थिति देखी जाती है।
2. सर्दियों की तुलना में समुद्र गर्मियों में सबसे अधिक अम्लीय होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

15. चिनाब नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति ज़िले में ऊपरी हिमालय से निकलती है।
2. यह जम्मू और कश्मीर के जम्मू क्षेत्र से होते हुए पंजाब, पाकिस्तान के मैदानी क्षेत्रों में बहती है।
3. यह दो नदियों, चंद्रा और भागा के संगम से बनती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

16. थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. WPI में सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन का मापन नहीं किया जाता है, जबकि CPI में किया जाता है।
2. WPI में विनिर्मित वस्तुओं को अधिक महत्त्व दिया जाता है, जबकि CPI में खाद्य पदार्थों को अधिक महत्त्व दिया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

17. 'अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रश्त-अस्तारा रेलवे अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कॉरिडोर (INSTC) का एक हिस्सा है।
2. यह एक मल्टी-मोड ट्रांजिट सिस्टम है जो भारत, ईरान, अज़रबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच कार्गो आवागमन हेतु ज़हाज़, रेल एवं सड़क मार्गों को जोड़ता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पोखरण-II पांच परमाणु बम परीक्षण विस्फोटों के अनुक्रम को संदर्भित करता है जिसे ऑपरेशन शक्ति के रूप में भी जाना जाता है।
2. मई 1974 में स्माइलिंग बुद्धा नाम के पहले परीक्षण के बाद पोखरण-II कार्यक्रम ने भारत के दूसरे सफल प्रयास को चिह्नित किया।
3. पोखरण-II में एक संलयन और दो विखंडन बमों का विस्फोट हुआ था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

19. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. भूमि अवतलन का तात्पर्य पृथ्वी की सतह के क्रमिक डूबने या धँसने से है, सामान्य रूप से यह मृदा, चट्टान या अन्य सामग्रियों की भूमिगत परतों के संघनन के कारण होता है।
2. जोशीमठ, उत्तराखंड और पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं फरीदाबाद के मैदानी इलाकों में अत्यधिक भूजल निकासी को भूमि अवतलन की घटनाओं के अंतर्निहित कारण के रूप में पहचाना गया है।
3. भारत में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) ने वर्ष 2011-2017 तक प्रतिवर्ष औसतन 15 मिमी. तक अवतलित होने का अनुभव किया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक ग्लेशियर क्रिस्टलीय बर्फ, हिम, चट्टान, अवसाद और जल का एक बड़ा, बारहमासी संचय है जो भूमि पर उत्पन्न होता है।
2. ड्रमलिन हिमनद मृत्तिका के अंडाकार समतल कटकनुमा स्थलरूप हैं जिसमें रेत व बजरी के ढेर होते हैं। ड्रमलिन के लंबे भाग हिमनद के प्रवाह की दिशा के समानांतर होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

21. जल्लीकट्टू के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जानवरों के प्रति क्रूरता के आधार पर भारतीय पशु कल्याण बोर्ड बनाम ए. नागराजा मामले (2014) में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जल्लीकट्टू पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।
2. जल्लीकट्टू एक पारंपरिक सांडों को नियंत्रित करने वाला खेल है, जिसे मुख्य रूप से तमिलनाडु में पोंगल उत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22. 'बल्क ड्रग पार्क योजना का प्रचार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बल्क ड्रग पार्क योजना का मुख्य उद्देश्य विभिन्न देशों को दवाओं के थोक निर्यात में वृद्धि करना है।
2. यह योजना संबंधित राज्य सरकारों द्वारा स्थापित की जाने वाली राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA) द्वारा कार्यान्वित की जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

23. उदारीकृत प्रेषण योजना (LRS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की योजना है।
2. यह योजना निगमों और साझेदारी फर्मों के लिये उपलब्ध नहीं है।
3. इस योजना के तहत विदेशों में विदेशी मुद्रा में व्यापार प्रतिबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. केवल 1, 2 और 3

24. हीटवेव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जब तक किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों के लिये कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों हेतु कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुँच जाता, तब तक हीटवेव पर विचार करने की आवश्यकता नहीं है।
2. सामान्य तापमान से 5°C से 6°C की वृद्धि को लू की स्थिति माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत हस्ताक्षरकर्ता नहीं है; इसने अप्रसार संधि (NPT) 1968 को स्वीकार करने से इनकार कर दिया।
2. भारत ने व्यापक परमाणु-परीक्षण-प्रतिबंध संधि (CTBT) पर हस्ताक्षर किये हैं।
3. भारत परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह (NSG) का सदस्य नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. 2 और 3
D. केवल 1, 2 और 3

नोट :

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'गंभीर तीव्र कुपोषण' (Severe Acute Malnutrition- SAM) को बर्बादी के रूप में भी जाना जाता है और यह बहुत कम वज़न केअनुपात में आवश्यक लंबाई को संदर्भित करता है।
2. 5वें राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के अनुसार, बिहार में SAM से पीड़ित बच्चों की संख्या सबसे अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

27. कैल्शियम-41 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. यह कैल्शियम का एक दुर्लभ दीर्घजीवी विकिरण समस्थानिक (रेडियो आइसोटोप) है।
2. यह प्राकृतिक रूप से नहीं पाया जाता है और केवल प्रयोगशालाओं में ही इसका उत्पादन किया जा सकता है।
3. यह कार्बन-14 डेटिंग की तुलना में जीवाश्म हड्डियों और चट्टानों की आयु निर्धारित करने में अधिक प्रभावी है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

28. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. UNHCR संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी है जो दुनिया भर में शरणार्थियों की सुरक्षा और समर्थन के लिये ज़िम्मेदार है और इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है
2. भारत सरकार ने रोहिंग्या शरणार्थियों के अधिकारों की रक्षा के लिये 1951 के शरणार्थी समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

29. भारत में हिरासत में यातना की रोकथाम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पिछले पाँच वर्षों में हिरासत में सबसे अधिक मौतें गुजरात में होने की सूचना मिली है, इसके बाद महाराष्ट्र का स्थान है।
2. भारतीय साक्ष्य अधिनियम-1872 की धारा 2 घोषित करती है कि धमकियों, वादों या प्रलोभनों के माध्यम से प्राप्त इकबालिया बयान अदालत में स्वीकार्य नहीं हैं।
3. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, जिसमें यातना और अन्य क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक उपचार या दंड से मुक्त होने का अधिकार भी समाहित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 3
B .केवल 2
C .केवल 3
D .1, 2 और 3

नोट :

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ICOM एक सदस्यता संघ और एक गैर-सरकारी संगठन है जो संग्रहालयी गतिविधियों के लिये पेशेवर एवं नैतिक मानकों को स्थापित करता है। संग्रहालय क्षेत्र में यह एकमात्र वैश्विक संगठन है।
2. जोखिमग्रस्त सांस्कृतिक वस्तुओं की यूनेस्को की रेड लिस्ट सांस्कृतिक वस्तुओं की अवैध तस्करी को रोकने के लिये व्यावहारिक उपकरण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

31. अनुच्छेद 239AA के तहत, दिल्ली का उपराज्यपाल (LG) निम्नलिखित में से किस क्षेत्र हेतु अपने विवेक से कार्यकारी शक्ति का प्रयोग करसकता है?

1. सार्वजनिक व्यवस्था
2. पुलिस
3. भूमि

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. 1, 2 और 3
D. केवल 2 और 3

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत विश्व में शहद के सबसे बड़े उत्पादकों और उपभोक्ताओं में से एक है।
2. व्यापक उत्पादन के बावजूद, भारत द्वारा उत्पादित शहद का लगभग 70% घरेलू स्तर पर ही खपत होता है।
3. UNGA ने भारत के प्रस्ताव और 115 देशों के समर्थन के बाद वर्ष 2017 में विश्व मधुमक्खी दिवस की घोषणा की।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 1और 3
D. केवल 2 और 3

33. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. 2000 रुपए के नोटों को वापस लेना RBI की क्लीन नोट पॉलिसी का हिस्सा है।
2. भारत में विमुद्रीकरण प्रक्रिया के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की अनुशंसा आवश्यक है।
3. पचास पैसे के सिक्के भारत में वैधानिक मुद्रा नहीं हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

नोट :

34. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. 'स्वामित्व' पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित योजना है जो ग्रामीण इलाकों में भूमि पार्सल की मैपिंग के लिये शुरू की गई है।
2. डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
3. भूमि सुधारों का प्रमुख उद्देश्य सभी भूमिहीनों को कृषि भूमि उपलब्ध कराना था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सरकार को RBI के अधिशेष का हस्तांतरण बैंकिंग सम्मेलनों और वैश्विक प्रथाओं द्वारा नियंत्रित होता है, क्योंकि इसके लिये कोई विशिष्ट वैधानिक प्रावधान उपलब्ध नहीं है।
2. देश की स्वस्थ मौद्रिक नीति के कारण RBI द्वारा अधिशेष हस्तांतरण लगातार बढ़ रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

36. 'फोरम शॉपिंग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फोरम शॉपिंग वादियों या वकीलों द्वारा जान-बूझकर किसी विशेष न्यायाधीश या न्यायालय का चयन करने के अभ्यास को संदर्भित करता है जहाँ उनका मानना है कि निर्णय उनके मामले के लिये अधिक अनुकूल होगा।
2. सुप्रीम कोर्ट ने फोरम शॉपिंग को "न्यायालयों द्वारा एक विवादित प्रथा" के रूप में करार दिया है, जिसकी "कानूनी रूप से कोई मंज़ूरी और सर्वोच्चता नहीं है"।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. भारत से दूषित कफ सिरप के निर्यात के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत से निर्यात किये जा रहे कफ सिरप के नमूनों में डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल मिला हुआ है।
2. अनिवार्य परीक्षण लागू करने का निर्णय दूषित कफ सिरप की खोज से उत्पन्न होता है जिसके कारण गाम्बिया और उज़्बेकिस्तान में बच्चों की मृत्यु हुई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

38. फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (FIPIC) समिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज़ को बुलंद करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार की साझा प्राथमिकता पर ज़ोर दिया।
2. भारत प्रत्येक प्रशांत द्वीप राष्ट्र में छोटे और मध्यम स्तर के उद्यम क्षेत्र के विकास का समर्थन करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सोन नदी यमुना नदी के बाद गंगा की दूसरी सबसे बड़ी दक्षिणी (दाहिनी तट) सहायक नदी है।
2. यह चार राज्यों से होकर प्रवाहित होती है: छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार।
3. यह छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ज़िले में अमरकंटक पहाड़ी के समीप से निकलती है और अंत में बिहार में पटना के समीप गंगा नदी में मिल जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. 1 और 2 केवल
B. 2 और 3 केवल
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

40. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	सूची 1	**सूची 2**
1.	इंडस गॉर्ज	कश्मीर
2.	ब्राइस कैनियन	अमेरिका
3.	नियाग्रा फॉल्स	कनाडा

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

41. 'सोडियम-आयन बैटरी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कैथोड सामग्री वह इलेक्ट्रोड है जहाँ बैटरी की निर्वहन प्रक्रिया के दौरान सोडियम आयनों को संग्रहीत किया जाता है।
2. सोडियम-ट्रांज़ीशन-मेटल-ऑक्साइड (Na-TM-Oxide) आधारित कैथोड सामग्री वायु/जल-अस्थिरता और संरचनात्मक-सह-विद्युत रासायनिक अस्थिरता की चुनौतियों का समाधान करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

42. लोकुर समिति (1965) के अनुसार, अनुसूचित जनजाति के रूप में पहचाने जाने वाले समुदाय के लिये निम्नलिखित में से कौन-सी आवश्यक विशेषताएँ नहीं हैं?

A. आदिम लक्षणों के संकेत
B. गरीबी की स्थिति
C. बड़े पैमाने पर समुदाय के साथ संपर्क करने में भय
D. विशिष्ट संस्कृति

43. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

1. चांगथी परियोजना को समाज में प्रवासी मज़दूरों द्वारा सामना किये जाने वाले बहिष्करण को उजागर करने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
2. इस परियोजना का उद्देश्य प्रवासी श्रमिकों को मलयालम और हिंदी पढ़ना एवं लिखना सिखाना है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

44. एक्सोलोटल्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उल्लेखनीय पुनर्योजी क्षमताओं के साथ समुद्रीय प्रजाति है।
2. वे जलीय हैं और अपना पूरा जीवन पानी के भीतर व्यतीत करते हैं।
3. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) ने एक्सोलोटल को गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों के रूप में सूचीबद्ध किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

45. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. ब्राज़ील में रियो डी जनेरियो में पृथ्वी शिखर सम्मेलन (1992) में जैवविविधता अभिसमय (CBD) पर हस्ताक्षर किये गए थे।
2. जैवविविधता अभिसमय का सचिवालय (CBD) मॉन्ट्रियल, कनाडा में स्थित है।
3. नागोया प्रोटोकॉल एक कानूनी साधन है जो आनुवंशिक संसाधनों तक पहुँच और लाभों के उचित एवं न्यायसंगत बँटवारे पर केंद्रित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

46. भारत में ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के लिये नए कर नियमों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यदि जीत की निवल राशि 100 रुपए से कम है तो ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म को टैक्स काटने की आवश्यकता नहीं है।
2. ऑनलाइन गेमिंग कंपनी द्वारा प्रदान किये गए बोनस और रेफरल बोनस को कर योग्य जमा राशि के रूप में गणना नहीं की जाती है।
3. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने नए कर नियम पेश किये हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

नोट :

47. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. वैश्विक जोखिम सूचकांक 2022 के अनुसार, शीर्ष 10 कमज़ोर देशों में से चार G20 के देश हैं।
2. सेंदाई फ्रेमवर्क आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये एक पहल है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) भारत के आर्थिक विकास के लिये एक प्रमुख गैर-ऋण वित्तीय संसाधन रहा है।
2. भारत हाल के वर्षों में FDI के लिये सबसे आकर्षक स्थानों में से एक रहा है।
3. वैश्विक निवेश रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत शीर्ष 20 मेज़बान अर्थव्यवस्थाओं में 7वें स्थान पर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

49. नार्को विश्लेषण परीक्षण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नार्को विश्लेषण परीक्षण में सोडियम पेंटोथल नाम की दवा का इस्तेमाल किया जाता है।
2. आरोपी की सहमति से ही नार्को परीक्षण कराया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. ज़िला न्यायपालिका की स्वतंत्रता, संविधान की मूल संरचना का एक अभिन्न अंग है।
2. अनुच्छेद-233 ज़िला न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित है।
3. ज़िला न्यायाधीश की नियुक्ति राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा की जाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

51. भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण हेतु अपनाए गए पेरिस सिद्धांतों के अनुरूप स्थापित किया गया था।
2. केवल भारत का मुख्य न्यायाधीश ही NHRC का अध्यक्ष बन सकता है।
3. सदस्यों को केवल सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आरोप में हटाया जा सकता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फ्लोटिंग-पॉइंट ऑपरेशंस प्रति सेकंड (FLOPs) एक मीट्रिक है जिसका उपयोग उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग (HPC) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) में कंप्यूटेशनल प्रदर्शन एवं दक्षता को मापने के लिये किया जाता है।
2. भारत का पहला सुपरकंप्यूटर PARAM 8000 था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. हल्के लड़ाकू विमान (LCA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. LCA कार्यक्रम तब शुरू हुआ जब सरकार ने वैमानिकी विकास एजेंसी (ADA) की स्थापना की।
2. इसे वायु से वायु, वायु से सतह, सटीक निर्देशित हथियारों की एक श्रृंखला ले जाने हेतु डिज़ाइन किया गया।
3. तेजस पहला स्वदेशी LCA है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

A. चैटजीपीटी जैसे AI सिस्टम को अक्सर अपने एल्गोरिदम को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित करने के लिये बड़ी मात्रा में डेटा की आवश्यकता होती है।

B. भारतीय कॉपीराइट अधिनियम, 1957 भारत में कॉपीराइट उल्लंघन के लिये उचित व्यवहार एवं अपवादों के लिये विशिष्ट प्रावधान करता है।

C. AI मॉडल के प्रशिक्षण के लिये कॉपीराइट सामग्री का उपयोग भारत में एक वैधानिक ग्रे क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

55. XPoSat (X-ray Polarimeter Satellite) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत का अग्रणी पोलरिमेट्री मिशन है जिसका उद्देश्य विषम परिस्थितियों में खगोलीय स्रोतों की विभिन्न गतिकी का अध्ययन करना है।
2. यह एक्स-रे का उपयोग करने वाला दुनिया का दूसरा पोलरिमेट्री मिशन है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56. निम्नलिखित में से कौन नीति आयोग शासी परिषद के सदस्य नहीं है/हैं?

1. विधायिका वाले केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री
2. बिना विधायिका वाले केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल
3. विपक्ष के नेता

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत तैयार किया जाता है और इसमें देश के सभी सामान्य निवासियों की सूची होती है।
2. NPR के प्रयोजन के लिये एक सामान्य निवासी वह व्यक्ति है जो कम-से-कम 6 महीने के लिये एक स्थान पर रहता है और वहाँ (कम से कम) 6 महीने तक रहने का इरादा रखता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

58. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केरल वर्ष 2020-21 के कोविड वर्ष के लिये नीति आयोग के वार्षिक 'स्वास्थ्य सूचकांक' में 'बड़े राज्यों' में पहले स्थान पर है।
2. नीति आयोग का वार्षिक 'स्वास्थ्य सूचकांक' नीति आयोग द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की तकनीकी सहायता से विकसित किया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

59. खीर भवानी मेला निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में मनाया जाता है?

A. जम्मू और कश्मीर

B. मध्य प्रदेश

C. राजस्थान

D. लद्दाख

नोट :

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) बीमा गतिविधियों को चुनौती रहित बनाने हेतु बीमा ट्रिनिटी लॉन्च करने की योजना बना रहा है।
2. IRDAI विज़न 2047 का उद्देश्य भारतीय बीमा क्षेत्र को विश्व स्तर पर आकर्षक बनाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

61. विपरीत परिसंचरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह महासागरीय धाराओं का एक वैश्विक नेटवर्क है जो दुनिया के महासागरों में गर्मी, कार्बन और पोषक तत्त्वों का पुनर्वितरण करता है।
2. सतह से सघन, ऑक्सीजन युक्त पानी का डूबना विपरीत परिसंचरण के गहरे निकाय को संचालित करता है।
3. विपरीत परिसंचरण पृथ्वी पर जलवायु स्थिरता बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
4. अंटार्कटिक की बर्फ के पिघलने से अंटार्कटिक के तलीय जल का निर्माण बढ़ जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. केवल चार

62. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है ?

A. फोलेट विटामिन B12 का प्राकृतिक रूप है।
B. अधिकांश बैक्टीरिया और शैवाल द्वारा एंजाइम की मदद से विटामिन B12 को संश्लेषित किया जाता है।
C. विटामिन B12 की कमी से घातक रक्ताल्पता होती है।
D. विटामिन B12 मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के सामान्य कामकाज़ हेतु महत्त्वपूर्ण है।

63. सेन्गोल के ऐतिहासिक महत्त्व के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह चोल साम्राज्य से संबंधित है।
2. सेन्गोल राजदंड को औपचारिक अवसरों में सम्राटों द्वारा उपयोग किया जाता था और उनके अधिकार का प्रतिनिधित्व करता था।
3. सेन्गोल राजदंड सौंपने का कार्य आमतौर पर एक उच्च पुजारी या गुरु द्वारा किया जाता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

64.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. भारत में कॉफी बागान पश्चिमी और पूर्वी घाटों के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में हैं।
2. भारत के कुल कॉफी उत्पादन में तमिलनाडु का हिस्सा लगभग 70% है।
3. अरेबिका और रोबस्टा कॉफी की दो किस्में हैं जो भारत में पाई जाती हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

65. अंतर-संसदीय संघ (IPU) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पूरे विश्व में संसदीय संवाद को बढ़ावा देना तथा लोगों के बीच शांति और सहयोग के लिये कार्य करना।
2. इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है।
3. भारत IPU का सदस्य नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

व्याख्या भाग-2

1.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कार्बन डेटिंग कार्बनिक पदार्थों यानी जो वस्तुएँ कभी जीवित थीं, की आयु का पता लगाने के लिये व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली विधि है।
  - सजीव वस्तुओं में विभिन्न रूपों में कार्बन होता है।
- डेटिंग पद्धति इस तथ्य पर आधारित है कि कार्बन-14 (C-14) रेडियोधर्मी है और उचित दर पर इसका क्षय होता है।
  - C-14 कार्बन का समस्थानिक है जिसका परमाणु भार 14 है।
  - वायुमंडल में कार्बन का सबसे प्रचुर समस्थानिक C-12 है।
    - वायुमंडल में C-14 की बहुत कम मात्रा मौजूद होती है।
  - वातावरण में C-12 की तुलना में C-14 का अनुपात लगभग स्थिर है और ज्ञात है।
- हालाँकि कार्बन डेटिंग सभी परिस्थितियों में लागू नहीं की जा सकती है। उदाहरण के लिये इसका उपयोग चट्टानों जैसी निर्जीव वस्तुओं की आयु निर्धारित करने हेतु नहीं किया जा सकता है।
  - साथ ही कार्बन डेटिंग से 40,000-50,000 साल से ज़्यादा पुरानी वस्तुओं की उम्र का पता नहीं लगाया जा सकता है।
    - ऐसा इसलिये है क्योंकि अर्द्ध-जीवन के 8-10 चक्रों के बाद C-14 की मात्रा लगभग बहुत कम हो जाती है और लगभग पता नहीं चल पाती है। **अतः कथन 3 गलत है।**

2.

उत्तर: A

व्याख्या:

- शंघाई सहयोग संगठन एक क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन है जो सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में अपने सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।
- वर्ष 2001 में SCO के गठन से पहले कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस और ताजिकिस्तान शंघाई फाइव के सदस्य थे।

- वर्ष 2001 में संगठन में उज़्बेकिस्तान के शामिल होने के बाद शंघाई फाइव का नाम बदलकर SCO कर दिया गया।
- भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने।
- पर्यवेक्षक देश: ईरान और बेलारूस।
- वर्ष 2023 में जब भारत इस फोरम का अध्यक्ष होगा, ईरान सबसे बड़े क्षेत्रीय संस्थान- SCO का सबसे नया सदस्य बनेगा। **अत: विकल्प A सही है।**

3.

उत्तर: D

व्याख्या:

भारत में स्वदेशी रक्षा शस्त्रागार के उदाहरण:

- तेजस विमान: तेजस एक हल्का, बहु-भूमिका वाला सुपरसोनिक विमान है जिसे भारत में स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और विकसित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अर्जुन टैंक: रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (Defense Research and Development Organization-DRDO) द्वारा विकसित, अर्जुन टैंक तीसरी पीढ़ी का मुख्य युद्धक टैंक है जो बख्तरबंद वाहन प्रौद्योगिकी में भारत की विशेषज्ञता को प्रदर्शित करता है।
- नेत्र (NETRA): नेत्र एक हवाई पूर्व चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली है जिसे घरेलू स्तर पर विकसित किया गया है, जो महत्त्वपूर्ण निगरानी एवं टोही क्षमता प्रदान करती है।
- अस्त्र (ASTRA): भारत ने सफलतापूर्वक अस्त्र विकसित किया है, जो देश की वायु रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने हेतु सभी मौसम में दृश्य-श्रेणी से परे हवा-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- LCH 'प्रचंड': यह पहला स्वदेशी मल्टी-रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है जिसमें शक्तिशाली ज़मीनी हमले एवं हवाई युद्ध क्षमता है।
- ICG ALH स्क्वाड्रन: भारतीय तट रक्षक की क्षमताओं को और मज़बूत करने हेतु जून तथा दिसंबर 2022 में पोरबंदर एवं चेन्नई में ALH Mk-III स्क्वाड्रनों को कमीशन किया गया था।

4.

उत्तर: D

व्याख्या:

मिशन LiFE:

- LiFE का विचार 1 नवंबर, 2021 को ग्लासगो में 26वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP26) के दौरान भारत के प्रधानमंत्री द्वारा पेश किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- LiFE आंदोलन का उद्देश्य सामूहिक कार्यवाही की शक्ति का उपयोग करना और विश्व भर में लोगों को अपने दैनिक जीवन में सरल जलवायु-अनुकूल कार्य करने के लिये प्रेरित करना है।
- इस मिशन की योजना 'प्रो-प्लैनेट पीपल' (P3) नामक व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क बनाने और पोषित करने की है, जिनकी पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को अपनाने और बढ़ावा देने के लिये एक साझा प्रतिबद्धता होगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस मिशन ने चक्रीय अर्थव्यवस्था के साथ प्रचलित 'यूज़-एंड-डिस्पोज़' अर्थव्यवस्था को बदलने की कल्पना की है जिसमें विचारहीन और हानिकारक उपभोग के बजाय सचेत और सुविचारित उपयोग पर ज़ोर दिया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

5.

उत्तर: A

व्याख्या:

- घड़ियाल एक अद्वितीय मगरमच्छ प्रजाति है जो भारत और नेपाल की स्थानीय प्रजाति है। **अत: कथन 1 सही है।**
- घड़ियाल भारत के उत्तरी भाग के स्वच्छ जल में मुख्य रूप से चंबल नदी में पाए जाने वाले मगरमच्छ की एक प्रजाति है। **अत: कथन 2 सही है।**
- घड़ियालों को IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है और CITES के परिशिष्ट I एवं वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I में शामिल किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

6.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भूमि पुनरुद्धार' नई भूमि बनाने या जल निकायों से कृत्रिम रूप से भरने या क्षेत्रों को पुन: प्राप्त करने के द्वारा मौजूदा भू-भाग का विस्तार करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भूमि को पुन: प्राप्त करना एक जटिल प्रक्रिया हो सकती है, इसलिये यह सामान्यत: अंतिम लक्ष्य को ध्यान में रखे बिना नहीं किया जाता है। हालाँकि अंतिम लक्ष्य व्यापक हो सकता है जिसमें शामिल हैं:
- प्रवासी पक्षियों और समुद्री जीवन हेतु कृत्रिम द्वीप। **अत: कथन 2 सही है।**
- गैस और तेल प्रतिष्ठान
- आवास और बुनियादी ढाँचा
- बंदरगाह निर्माण या विस्तार
- चरम मौसम की स्थिति से क्षतिग्रस्त समुद्र तटों और द्वीपों की मरम्मत

7.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हालिया कई स्कैमों ने आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली (AePS) की खामियों को उजागर कर दिया कि कैसे साइबर अपराधी ग्राहकों को धोखा देने के लिये इस प्रणाली की खामियों का फायदा उठा रहे हैं।
- स्कैमर्स द्वारा लीक हुए बायोमेट्रिक विवरणों का उपयोग पीड़ितों के खातों से धन निकालने के लिये किया गया जिसमें वन टाइम पासवर्ड (OTP) की आवश्यकता नहीं पड़ती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI), भारतीय बैंक संघ (IBA) और भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की एक संयुक्त परियोजना द्वारा अपनाया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

8.

उत्तर: C

व्याख्या:

अल्ज़ाइमर रोग:

- परिचय:
  - अल्ज़ाइमर रोग एक प्रोग्रेसिव न्यूरोडिजनरेटिव विकार है जो मस्तिष्क को प्रभावित करता है, जिससे स्मृति का ह्रास, संज्ञानात्मक अवनति, व्यवहार परिवर्तन, बोलने या लिखने में शब्दों की समस्या, खराब निर्णय, मनोदशा और व्यक्तित्व में परिवर्तन, समय या स्थान के साथ भ्रम इत्यादि समस्याएँ हो सकती हैं।
  - अल्ज़ाइमर रोग मनोभ्रंश (डिमेंशिया) का सबसे आम कारण है, जो मनोभ्रंश के 60-80% मामलों के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - जीवनशैली के कारक: हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, धूम्रपान और गतिहीन जीवनशैली जैसी पुरानी स्थितियाँ इस जोखिम का कारण हो सकती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- उपचार और प्रबंधन:
  - वर्तमान में अल्ज़ाइमर रोग का कोई इलाज नहीं है लेकिन ऐसी दवा और सहायक उपचार उपलब्ध हैं जो लक्षणों को अस्थायी रूप से कम कर सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

9.

उत्तर: D

व्याख्या:

मशीन लर्निंग में ट्रांसफॉर्मर (ML):

- ट्रांसफॉर्मर एक प्रकार का डीप लर्निंग मॉडल है जिसका उपयोग प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP) और कंप्यूटर विज़न (CV) कार्यों के लिये किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वे अनुक्रमिक इनपुट डेटा को संसाधित करने के लिये सेल्फ अटेंशन" मैकेनिज़्म का उपयोग करते हैं।
- ट्रांसफॉर्मर संपूर्ण इनपुट डेटा को एक साथ संसाधित कर सकते हैं और संदर्भ तथा प्रासंगिकता को कैप्चर कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- वे लंबे अनुक्रमों को कुशलतापूर्वक संभाल सकते हैं और आवर्तक तंत्रिका नेटवर्क (Recurrent Neural Networks-RNN) द्वारा उत्पन्न लुप्तप्राय ग्रेडियेंट समस्या को दूर कर सकते हैं।
- ट्रांसफॉर्मर को वर्ष 2017 में गूगल ब्रेन द्वारा "अटेंशन इज़ ऑल यू नीड" पत्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था।
- यह धीरे-धीरे लोकप्रिय हो गया और इसने बाद में जनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफॉर्मर (GPT) के विकास में योगदान दिया। **अतः कथन 3 सही है।**

10.

उत्तर: B

व्याख्या:

पर्माफ्रॉस्ट:

- पर्माफ्रॉस्ट अथवा स्थायी तुषार भूमि वह क्षेत्र है जो कम-से-कम लगातार दो वर्षों से शून्य डिग्री सेल्सियस (32 डिग्री F) से कम तापमान पर जमी हुई अवस्था में होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये स्थायी रूप से जमे हुए मैदान अक्सर आर्कटिक क्षेत्रों जैसे- ग्रीनलैंड, अलास्का (संयुक्त राज्य अमेरिका), कनाडा, रूस और पूर्वी यूरोप में पाए जाते हैं।
- नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) के अनुसार, पर्माफ्रॉस्ट "मृदा, चट्टानों और रेत के संयोजन से बने हैं जो बर्फ द्वारा एक साथ संयोजित होते हैं। पर्माफ्रॉस्ट में मृदा और बर्फ वर्ष भर जमी रहती है।
- हालाँकि यहाँ भूमि हमेशा जमी रहती है, जबकि पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र हमेशा बर्फ से ढके नहीं होते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

11.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'मिशन डेफस्पेस' का मूल लक्ष्य भारतीय निजी अंतरिक्ष उद्योग की उन्नति को उन चुनौतियों के लिये तैयार करना है जिनमें अंतरिक्ष मिशन के रणनीतिक मिशन योजना से लेकर अग्रणी उपग्रह डेटा एनालिटिक्स तक हर पहलू सम्मिलित हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), मिशन डेफस्पेस (Mission DefSpace) का नोडल प्रभारी है। इसे माननीय प्रधानमंत्री द्वारा अक्तूबर 2022 में DefExpo के दौरान लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

12.

उत्तर: B

व्याख्या:

- उपभोक्ता-केंद्रित वित्तीय नवाचार को बढ़ावा देने के लिये सहायता संघ में 80 से अधिक वैश्विक संगठन शामिल हुए हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- वित्तीय आचरण प्राधिकरण (FCA) अग्रणी है, जो यूनाइटेड किंगडम में एक प्रमुख नियामक निकाय है, जो वर्तमान में GFIN के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA), भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI), भारतीय रिज़र्व बैंक, पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण इसके सदस्य हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

13.

उत्तर: D

व्याख्या:

भारत में मत्स्य क्षेत्र की स्थिति:

- परिचय:
  - वैश्विक स्तर पर तीसरे सबसे बड़े मछली उत्पादक और दूसरे सबसे बड़े एक्वाकल्चर उत्पादक के रूप में भारत में मत्स्य पालन एवं एक्वाकल्चर उद्योग का बहुत महत्त्व है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - भारतीय नीली क्रांति ने मछली पकड़ने और एक्वाकल्चर उद्योगों में काफी सुधार किया है। उद्योगों को सनराइज़ सेक्टर्स के रूप में माना जाता है तथा भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका काफी प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - भारतीय मत्स्य पालन ने हाल ही में अंतर्देशीय से समुद्री वर्चस्व वाले मत्स्य पालन में एक प्रतिमान परिवर्तन देखा है, यह वर्ष 1980 के दशक के मध्य मछली उत्पादन में 36% से हाल के दिनों में 70% के साथ प्रमुख योगदानकर्ता बन गया है।
  - वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान मत्स्य उत्पादन 16.25 MMT के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँच गया और 57,586 करोड़ रुपए मूल्य का समुद्री निर्यात किया गया।
- शीर्ष उत्पादक राज्य:
  - भारत में पश्चिम बंगाल के बाद आंध्र प्रदेश सबसे बड़ा मछली उत्पादक है। **अतः कथन 3 सही है।**

14.

उत्तर: A

व्याख्या:

महासागर अम्लीकरण:

- समुद्र द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड के अवशोषण में वृद्धि से उच्च अम्लता की स्थिति देखी जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इनमें खोल निर्माण और रख-रखाव हेतु आवश्यक कार्बोनेट आयनों की उपलब्धता की कमी होती है।
- चूँकि अधिक CO_2 सर्दियों के दौरान ठंडे जल से अवशोषित हो जाती है, इसलिये महासागर अपने सबसे अम्लीय स्तर पर होता है। जो यह इंगित करता है कि समुद्री तितलियों को सर्दियों के दौरान सबसे अधिक खतरा होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

15.

उत्तर: D

व्याख्या:

चिनाब नदी:

    - स्रोत: यह हिमाचल प्रदेश राज्य के लाहौल और स्पीति ज़िले में ऊपरी हिमालय से निकलती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - चिनाब नदी हिमाचल प्रदेश के लाहुल एवं स्पीति ज़िले के तांडी (कीलोंग से 8 किमी. दक्षिण पश्चिम) में दो नदियों चंद्र एवं भागा के संगम से बनती है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - भागा नदी सूर्य ताल झील से निकलती है, जो हिमाचल प्रदेश में बारा-लाचा ला दर्रे से कुछ किलोमीटर पश्चिम में स्थित है।
    - चंद्र नदी उसी दर्रे (चंद्र ताल के पास) के पूर्व के ग्लेशियरों से निकलती है।
    - प्रवाह: यह सिंधु नदी में मिलने से पहले जम्मू और कश्मीर के जम्मू क्षेत्र, पंजाब, पाकिस्तान के मैदानी भागों से होकर बहती है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

थोक मूल्य सूचकांक

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किये गए नवीनतम आँकड़ों से पता चलता है कि भारत में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) अप्रैल में (-) 0.92% की अपस्फीति दर के साथ तीन वर्ष में निम्न स्तर पर गिर गया, जो 33 महीने के बाद नकारात्मक वृद्धि को दर्शाता है।

- यह थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को थोक में बेची और व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है।
- इसे आर्थिक सलाहकार कार्यालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
- यह भारत में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला मुद्रास्फीति सूचक है।
- इस सूचकांक की प्रमुख आलोचना यह की जाती है कि आम जनता उत्पादों को थोक मूल्य पर नहीं खरीदती है।
- अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक के आधार वर्ष को 2004-05 से वर्ष 2017 में 2011-12 के रूप में संशोधित किया गया है।

WPI एवं CPI में अंतर:

- WPI उत्पादक स्तर पर मुद्रास्फीति का आकलन करता है, जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index-CPI) उपभोक्ता स्तर पर कीमतों के स्तर में बदलाव का आकलन करता है।
    - दोनों बास्केट व्यापक अर्थव्यवस्था के भीतर मुद्रास्फीति के रुझान (मूल्य में उतार-चढ़ाव) को मापते हैं, हालाँकि दोनों सूचकांक में भोजन, ईंधन और निर्मित वस्तुओं को अलग-अलग भार दिया जाता है।
- WPI में सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन का मापन नहीं किया जाता है, जबकि CPI में किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- WPI में विनिर्मित वस्तुओं को अधिक महत्त्व दिया जाता है, जबकि CPI में खाद्य पदार्थों को अधिक महत्त्व दिया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

17.

उत्तर: C

व्याख्या:

रश्त-अस्तारा रेलवे एवं INSTC

हाल ही में रूस और ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कॉरिडोर (International North–South Transport Corridor- INSTC) के हिस्से के रूप में ईरानी रेलवे लाइन रश्त-अस्तारा रेलवे के निर्माण हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

- रश्त-अस्तारा रेलवे को गलियारे में महत्त्वपूर्ण कड़ी माना जाता है, जिसका उद्देश्य रूस, ईरान, अज़रबैजान, भारत और अन्य देशों को रेल एवं जल मार्ग से जोड़ना है। रूस के अनुसार, यह मार्ग स्वेज़ नहर के साथ महत्त्वपूर्ण वैश्विक आर्थिक मार्ग के रूप में प्रतिस्पर्द्धा कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

रश्त-अस्तारा रेलवे:

- यह 162 किलोमीटर का रेलवे मार्ग है जो कैस्पियन सागर के पास रश्त (ईरान) शहर को अज़रबैजान की सीमा पर अस्तारा (अज़रबैजान) से जोड़ेगा। इसके कारण यात्रा समय-सीमा में पूर्व की तुलना में चार दिन का कम समय लगेगा।
- यह रेलवे कैस्पियन सागर तट के साथ बाल्टिक सागर पर रूसी बंदरगाहों को हिंद महासागर एवं खाड़ी में ईरानी बंदरगाहों से जोड़ने में मदद करेगा।

अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा:

- यह 7,200 किलोमीटर का मल्टी-मोड ट्रांज़िट सिस्टम है जो भारत, ईरान, अज़रबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच कार्गो ले जाने के लिये नौवहन, रेलवे और सड़क मार्गों को जोड़ता है।

नोट :

- इसे सदस्य देशों के बीच परिवहन सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईरान, रूस और भारत द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग में 12 सितंबर, 2000 को शुरू किया गया था।
- तब से INSTC सदस्यता का विस्तार 10 और देशों- अज़रबैजान, आर्मेनिया, कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, ताजिकिस्तान, तुर्की, यूक्रेन, सीरिया, बेलारूस और ओमान को शामिल करने के लिये किया गया है।
  - बुल्गारिया को एक पर्यवेक्षक राज्य के रूप में शामिल किया गया है। लातविया और एस्टोनिया जैसे बाल्टिक देशों ने भी इसमें शामिल होने की इच्छा जताई है।

18.

उत्तर: D

व्याख्या:

पोखरण-II की 25वीं वर्षगांठ

भारत ने हाल ही में अपने सफल परमाणु बम परीक्षण विस्फोट पोखरण-II की 25वीं वर्षगांठ मनाई।

- पोखरण टेस्ट रेंज में भारत के सफल परमाणु बम परीक्षण विस्फोट परमाणु शक्ति बनने के क्रम में मील का पत्थर है।
- पोखरण-II भारतीय सेना के पोखरण परीक्षण रेंज में 11 मई 1998 को भारत द्वारा किये गए पांच परमाणु बम परीक्षण विस्फोटों के अनुक्रम को संदर्भित करता है।
- कोड नाम ऑपरेशन शक्ति। **अतः कथन 1 सही है।**
  - पोखरण-II पांच परमाणु बम परीक्षण विस्फोटों के अनुक्रम को संदर्भित करता है जिसे ऑपरेशन शक्ति के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - मई 1974 में स्माइलिंग बुद्धा नाम के पहले परीक्षण के बाद पोखरण-II कार्यक्रम ने भारत के दूसरे सफल प्रयास को चिह्नित किया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - पोखरण-II में एक संलयन और दो विखंडन बमों का विस्फोट हुआ था। **अतः कथन 3 सही है।**
- भारत की परमाणु स्थिति:
  - पोखरण-II ने परमाणु शक्ति के रूप में भारत की स्थिति को मज़बूत किया।
  - इसने परमाणु हथियारों को रखने और तैनात करने की भारत की क्षमता का प्रदर्शन किया, इस प्रकार इसकी निवारक क्षमताओं को बढ़ाया।
  - प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर खुद को पोखरण-II के बाद परमाणु हथियार रखने वाले राज्य के रूप में घोषित किया।

19.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भूमि अवतलन का तात्पर्य पृथ्वी की सतह के क्रमिक डूबने या धँसने से है, सामान्य रूप से यह मृदा, चट्टान या अन्य सामग्रियों की भूमिगत परतों के संघनन के कारण होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय भूजल बोर्ड (CGWB) द्वारा वर्षों से एकत्र किये गए आँकड़ों के अनुसार, जोशीमठ, उत्तराखंड और पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं फरीदाबाद के मैदानी इलाकों में अत्यधिक भूजल निकासी को भूमि अवतलन की घटनाओं के अंतर्निहित कारण के रूप में पहचाना गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सेंटिनल-1 उपग्रह के डेटा का उपयोग करने से पता चला है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (National Capital Region-NCR) वर्ष 2011-2017 तक प्रतिवर्ष औसतन 15 मिमी. तक अवतलित हुआ है। शहरीकरण और अनियोजित विकास ने भूजल निकासी को बढ़ा दिया और NCR में अवतलन जैसी घटना को को बढ़ावा दिया। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

20.

उत्तर: C

व्याख्या:

- एक ग्लेशियर क्रिस्टलीय बर्फ, हिम, चट्टान, अवसाद और जल का एक बड़ा, बारहमासी संचय है जो भूमि पर उत्पन्न होता है और अपने भार और गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में ढलान पर नीचे फिसलता है। ये परिवर्तित होती जलवायु के संवेदनशील संकेतक हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- ड्रमलिन हिमनद मृत्तिका के अंडाकार समतल कटकनुमा स्थलरूप हैं जिसमें रेत व बजरी के ढेर होते हैं। ड्रमलिन के लंबे भाग हिमनद के प्रवाह की दिशा के समानांतर होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

21.

उत्तर: D

व्याख्या:

- सर्वोच्च न्यायालय ने जानवरों के प्रति क्रूरता के आधार पर भारतीय पशु कल्याण बोर्ड बनाम ए. नागराजा मामले में मई 2014 में एक फैसले के माध्यम से जल्लीकट्टू पर प्रतिबंध लगा दिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- जल्लीकट्टू को तमिलनाडु में एक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम माना जाता है, जिसे लोगों द्वारा उनकी जाति या पंथ की परवाह किये बिना मनाया जाता है।
- जल्लीकट्टू एक पारंपरिक सांडों को नियंत्रित करने वाला खेल है, जिसकी उत्पत्ति तमिलनाडु राज्य में हुई थी और इसे मुख्य रूप से पोंगल त्योहार के हिस्से के रूप में आयोजित किया जाता है, जो तमिलनाडु में मनाया जाने वाला एक फसल उत्सव है। **अत: कथन 2 सही है।**

22.

उत्तर: A

व्याख्या:

- सरकार का लक्ष्य चयनित राज्यों के साथ साझेदारी में भारत में 3 मेगा बल्क ड्रग पार्क को विकसित करना है।
- इस योजना से देश में दवाओं के थोक उत्पादन लागत के कम होने और थोक दवाओं के लिये अन्य देशों पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह योजना, संबंधित राज्य सरकारों द्वारा स्थापित की जाने वाली राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA) द्वारा कार्यान्वित की जाएगी। **अत: कथन 2 सही है।**

23.

उत्तर: D

व्याख्या:

उदारीकृत प्रेषण योजना:

- परिचय:
  - यह भारतीय रिज़र्व बैंक की योजना है, जो वर्ष 2004 में शुरू की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस योजना के तहत नाबालिगों सहित सभी निवासी व्यक्तियों को किसी भी अनुमत चालू या पूंजी खाता लेनदेन या दोनों के संयोजन के लिये प्रति वित्तीय वर्ष (अप्रैल-मार्च) में 2,50,000 अमेरिकी डॉलर तक मुक्त रूप से विप्रेषित करने की अनुमति है।
- अयोग्यता:
  - यह योजना निगमों, साझेदारी फर्मों, हिंदू अविभाजित परिवार (HUF), ट्रस्टों आदि के लिये उपलब्ध नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - हालाँकि LRS केअंतर्गत प्रेषण की आवृत्ति पर कोई प्रतिबंध नहीं है, एक बार वित्तीय वर्ष के दौरान 2,50,000 अमेरिकी डॉलर तक की राशि के लिये प्रेषण किया जाता है उस स्थिति में एक निवासी व्यक्ति इस योजना के अंतर्गत आगे के किसी प्रेषण को करने के लिये पात्र नहीं होगा।

नोट :

- प्रेषित धन का उपयोग यहाँ किया जा सकता है:
  - यात्रा (निजी या व्यवसाय के लिये), चिकित्सा उपचार, अध्ययन, उपहार और दान, निकट संबंधियों की देखभाल आदि से संबंधित व्यय।
  - शेयरों, ऋण उपकरणों में निवेश और विदेशी बाज़ार में अचल संपत्तियों को खरीदना।
  - योजना के अंतर्गत अनुमत लेन-देन करने के लिये व्यक्ति भारत के बाहर बैंकों के साथ विदेशी मुद्रा खाते खोल सकते हैं और उन्हें बनाए रख सकते हैं ।
- प्रतिबंधित लेन-देन:
  - अनुसूची-I के अंतर्गत विशेष रूप से निषिद्ध कोई भी उद्देश्य (जैसे लॉटरी टिकटों की खरीद, प्रतिबंधित पत्रिकाएँ आदि) या विदेशी मुद्रा प्रबंधन (चालू खाता लेन-देन) नियम, 2000 की अनुसूची II के तहत प्रतिबंधित कोई भी वस्तु शामिल है।
  - विदेश में विदेशी मुद्रा में व्यापार करना। **अतः कथन 3 सही है।**
  - फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) द्वारा समय-समय पर "गैर-सहयोगी देशों और क्षेत्रों" के रूप में पहचाने जाने वाले देशों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पूंजीगत खाता प्रेषण करना।
  - प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उन व्यक्तियों और संस्थाओं को विप्रेषण करना जिन्हें रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों को अलग से दी गई सलाह के अनुसार आतंकवाद के कृत्यों को महत्त्वपूर्ण जोखिम के रूप में पहचानना है।
- आवश्यकताएँ:
  - निवासी व्यक्ति के लिये अधिकृत व्यक्तियों के माध्यम से किये गए LRS के तहत सभी लेन-देन को अपना स्थायी खाता संख्या (PAN) प्रदान करना अनिवार्य है।

24.

उत्तर: C

व्याख्या:

हीटवेव :

- भारतीय मौसम विभाग (IMD) के मानदंड के अनुसार, जब तक किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों के लिये कम-से-कम 40°C और पहाड़ी क्षेत्रों के लिये कम-से-कम 30°C तक नहीं पहुँच जाता तब तक "लू" पर विचार करने की आवश्यकता नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि किसी स्टेशन का सामान्य अधिकतम तापमान 40°C से कम या उसके बराबर है तो सामान्य तापमान से 5°C से 6°C की वृद्धि को हीटवेव स्थिति माना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसके अतिरिक्त सामान्य तापमान से 7 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक की वृद्धि को गंभीर "लू" की स्थिति माना जाता है।
  - इसके अतिरिक्त यदि सामान्य अधिकतम तापमान के बावजूद वास्तविक अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहता है, तो हीट वेव घोषित किया जाता है।

25.

उत्तर: B

व्याख्या:

परमाणु हथियारों के बारे में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संधियों पर भारत की स्थिति:

  - अप्रसार संधि (NPT) 1968:
  - भारत इसका हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है; संधि की कथित भेदभावपूर्ण प्रकृति और परमाणु हथियार वाले राज्यों से पारस्परिक दायित्वों की कमी के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए NPT को स्वीकार करने से इनकार कर दिया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- व्यापक परमाणु-परीक्षण-प्रतिबंध संधि (CTBT):
  - भारत ने सीटीबीटी पर हस्ताक्षर नहीं किया है क्योंकि यह परमाणु हथियार संपन्न राज्यों (NWS) की समयबद्ध निरस्त्रीकरण प्रतिबद्धता का एक प्रबल समर्थक है और यह CTBT पर हस्ताक्षर न करने के कारण के रूप में इसमें प्रतिबद्धता की कमी का दावा करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- परमाणु हथियार निषेध संधि (TPNW):
- यह 22 जनवरी 2021 से प्रभावी है और भारत इस संधि का सदस्य नहीं है।
- परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह (NSG):
- भारत NSG का सदस्य नहीं है। **अतः कथन 3 सही है।**

- वासेनार अरेंजमेंट:
  - भारत दिसंबर 2017 को 42वें सदस्य के रूप में इसमें शामिल हुआ।

26.

उत्तर: D

व्याख्या:

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) 'गंभीर तीव्र कुपोषण' (SAM) को बहुत कम वज़न-ऊँचाई या मध्य-ऊपरी बाँह की परिधि 115 मिमी. से कम या पोषण संबंधी शोफ (Oedema) की उपस्थिति के रूप में परिभाषित करता है (भुखमरी या कुपोषण की स्थिति में ऊतकों में असामान्य द्रव प्रतिधारण विशेष रूप से प्रोटीन की कमी के परिणामस्वरूप)।
  - मध्यम तीव्र कुपोषण (MAM) जिसे निर्बलता (Wasting) के रूप में भी जाना जाता है, इसे लंबाई के अनुपात में आवश्यक वज़न के अंतर्राष्ट्रीय मानक संकेतकों [z-स्कोर- 3 और 2 (मानक विचलन) के मध्य] या 11 सेमी. से 12.5 सेमी. के बीच मध्य-ऊपरी भुजा परिधि (MUAC) द्वारा परिभाषित किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - SAM से पीड़ित बच्चों में कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण विभिन्न रोगों से ग्रसित होने पर उनकी मौत की संभावना नौ गुना अधिक हो जाती है।
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) वर्ष 2019-21 के अनुसार, भारत में पाँच वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में से 35.5 प्रतिशत बच्चे नाटेपन (स्टंटिंग), जबकि 19.3 प्रतिशत निर्बलता (वेस्टिंग) और 32.1 प्रतिशत बच्चे कम वज़न की समस्या से ग्रसित थे।
  - SAM के सबसे अधिक मामले उत्तर प्रदेश (3,98,359) में हैं और इसके बाद बिहार (2,79,427) का स्थान है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

27.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में वैज्ञानिकों ने जीवाश्म हड्डियों और चट्टानों की आयु निर्धारित करने हेतु कार्बन-14 के विकल्प के रूप में रेडियोमेट्रिक डेटिंग के लिये कैल्शियम-41 का उपयोग करने का सुझाव दिया है।
- कैल्शियम-41 99,400 वर्षों की अर्द्ध आयु के साथ कैल्शियम का एक दुर्लभ लंबे समय तक रहने वाला विकिरण समस्थानिक (रेडियोआइसोटोप) है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जब अंतरिक्ष से ब्रह्मांडीय किरणें मिट्टी या चट्टानों में कैल्शियम परमाणुओं से टकराती हैं तो पृथ्वी की सतह अर्थात् भूपर्पटी में कैल्शियम-41 उत्पन्न होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस समस्थानिक (आइसोटोप) में उन वस्तुओं के लिये डेटिंग विधियों में नियोजित होने की क्षमता है जो कार्बन-14 डेटिंग का उपयोग करके सटीक रूप से निर्धारित की जा सकती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
  - कार्बन-14 डेटिंग लगभग 50,000 वर्ष पुरानी जैविक सामग्री के डेटिंग के लिये प्रभावी है।

28.

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- UNHCR संयुक्त राष्ट्र की एक संस्था है जो विश्व भर में शरणार्थियों की सुरक्षा और सहायता के लिये कार्य करती है। UNHCR का मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - भारत 1951 के शरणार्थी सम्मेलन और इसके 1967 के प्रोटोकॉल, शरणार्थी सुरक्षा से संबंधित प्रमुख कानूनी दस्तावेज़ों का पक्षकार नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

29.

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- पिछले पाँच वर्षों में हिरासत में सबसे अधिक मौतें (80) गुजरात में दर्ज की गई हैं, इसके बाद महाराष्ट्र (76), उत्तर प्रदेश (41), तमिलनाडु (40) और बिहार (38) का स्थान है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 24 में यह घोषित किया गया है कि अभियुक्त द्वारा जाँच एजेंसियों की धमकी, वादे या प्रलोभन के कारण दिये गए सभी इकबालिया बयान कानून की अदालत में स्वीकार्य नहीं होंगे। यह धारा मुख्य रूप से अभियुक्त को उसकी इच्छा के विरुद्ध संस्वीकृति देने से रोकने का काम करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, जिसमें यातना तथा अन्य क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार या सज़ा से मुक्त होने का अधिकार शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

30.

उत्तर: A

व्याख्या:

- संग्रहालय की अंतर्राष्ट्रीय परिषद (ICOM) एक गैर-सरकारी संगठन है जो विश्व भर में प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत के संवर्द्धन और संरक्षण के लिये समर्पित है। इसे वर्ष 1946 में बनाया गया था और इसका मुख्यालय पेरिस, फ्राँस में है।
- ICOM संग्रहालय पेशेवरों के लिये एक वैश्विक नेटवर्क के रूप में कार्य करता है, जिससे संग्रहालय क्षेत्र में ज्ञान एवं सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जोखिमग्रस्त सांस्कृतिक वस्तुओं की ICOM रेड लिस्ट सांस्कृतिक वस्तुओं की अवैध तस्करी से निपटने के लिये अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद (ICOM) द्वारा विकसित मूल्यवान उपकरण है। **अतः कथन 2 सही नही है ।**

31.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही मेंसर्वोच्च न्यायालय ने एलडरमेन की उपराज्यपाल द्वारा नियुक्ति के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर विचार करते हुए कहा कि उपराज्यपाल को दिल्ली नगर निगम के सदस्यों को नामित करने का अधिकार देने से निर्वाचित नागरिक निकाय कमज़ोर हो सकता है।
  - उपराज्यपाल का प्रतिनिधित्व करने वाले अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया कि संविधान के अनुच्छेद 239AA के तहत उपराज्यपाल की शक्तियों और राष्ट्रीय राजधानी के प्रशासक के रूप में उनकी भूमिका के बीच अंतर है। उन्होंने दावा किया कि कानून के आधार पर एल्डरमैन के नामांकन में उपराज्यपाल की सक्रिय भूमिका है।
  - हालाँकि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि उपराज्यपाल को शक्ति देकर यह लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित MCD को संभावित रूप से अस्थिर कर सकता है क्योंकि उनके पास मतदान की शक्ति होगी।
- सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि उपराज्यपाल के पास राष्ट्रीय राजधानी में व्यापक कार्यकारी शक्तियाँ नहीं हैं, जो शासन के अद्वितीय "असममित संघीय मॉडल" के तहत संचालित होती हैं।
  - न्यायालय ने स्पष्ट किया कि उपराज्यपाल अनुच्छेद 239AA(3)(A) के तहत केवल तीन विशिष्ट क्षेत्रों में अपने विवेक से कार्यकारी शक्ति का प्रयोग कर सकता है:
    - सार्वजनिक व्यवस्था
    - पुलिस
    - दिल्ली में भूमि **अतः विकल्प C सही है।**

नोट :

32.

उत्तर: B

व्याख्या:

- 1.2 लाख मीट्रिक टन के अनुमानित वार्षिक उत्पादन के साथ भारत विश्व में शहद के सबसे बड़े उत्पादकों और उपभोक्ताओं में से एक है। भारत में मधुमक्खी पालन की एक समृद्ध परंपरा और संस्कृति है, जो प्राचीन काल से चली आ रही है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत भी विश्व के प्रमुख शहद निर्यातक देशों में से एक है और उसने वर्ष 2021-22 के दौरान 74,413 मीट्रिक टन शहद का निर्यात किया है।
  - भारत में शहद उत्पादन का 50% से अधिक अन्य देशों को निर्यात किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - भारत लगभग 83 देशों को शहद निर्यात करता है। भारतीय शहद के प्रमुख बाज़ार अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, कनाडा आदि हैं।
- विश्व मधुमक्खी दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है जो 20 मई को पर्यावरण, खाद्य सुरक्षा और जैव विविधता के लिये मधुमक्खियों तथा अन्य परागणकों के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है।
  - स्लोवेनिया के आधुनिक मधुमक्खी पालन के अग्रणी एंटोन जनसा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में इस तारीख को चुना गया था।
  - स्लोवेनिया के एक प्रस्ताव और 115 देशों के समर्थन के बाद UNGA ने वर्ष 2017 में विश्व मधुमक्खी दिवस घोषित किया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

33.

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- 2000 रुपए के नोटों को वापस लेना RBI की स्वच्छ नोट नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जनता को बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ उच्च गुणवत्ता वाले करेंसी नोट और सिक्के प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में विमुद्रीकरण का वैधानिक आधार भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 26(2) है, जो RBI की अनुशंसा पर केंद्र सरकार को आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बैंक नोटों की किसी भी श्रृंखला को वैधानिक मुद्रा के रूप में घोषित करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में, सिक्के सीमित वैध मुद्रा के रूप में कार्य करते हैं। एक रुपए के बराबर या उससे अधिक मूल्यवर्ग के सिक्कों को एक हजार रुपए तक की राशि के लिये वैधानिक मुद्रा के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
- इसके अतिरिक्त, पचास पैसे (आधा रुपए) के सिक्कों को दस रुपए तक की राशि के लिये वैधानिक मुद्रा के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

34.

उत्तर: (b)

व्याख्या:

- स्वामित्व पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है जो ड्रोन तकनीक और निरंतर संचालन संदर्भ स्टेशन (CORS) का उपयोग करके ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में भूमि पार्सल का मानचित्रण करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे अपने मूल लक्ष्यों को पूरा करने के साथ-साथ कई नई योजनाओं के साथ अपने दायरे का विस्तार करने के लिये वर्ष 2023-24 तक बढ़ा दिया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भूमि सुधारों का प्रमुख उद्देश्य सभी भूमिहीनों को कृषि भूमि उपलब्ध कराना था। परिणामस्वरूप नकदी फसल कृषि मुख्य प्रकार की खेती बन गई। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

35.

उत्तर: C

व्याख्या:

RBI अधिशेष हस्तांतरण

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने केंद्र सरकार को अधिशेष धन के एक महत्त्वपूर्ण हस्तांतरण को मंज़ूरी दे दी है, जिससे राजकोषीय स्थिति को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला है।

- लेखा वर्ष 2022-23 के लिये अधिशेष हस्तांतरण 87,416 करोड़ रुपए है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 188% अधिक है।



- उपरोक्त चित्र के अनुसार, कथन 2 सही नहीं है।
- RBI का अधिशेष:
  - RBI का अधिशेष: RBI की आय और व्यय के बीच का अंतर अधिशेष है।
  - रिज़र्व और प्रतिधारित आय के लिये प्रावधान करने के बाद RBI, अधिशेष को सरकार को हस्तांतरित करती है।
  - भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 47 (अधिशेष लाभ का आवंटन) के अनुसार RBI अधिशेष को स्थानांतरित करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - वाई एच मालेगाम (2013) की अध्यक्षता वाली RBI बोर्ड की एक तकनीकी समिति, जिसने भंडार की पर्याप्तता और अधिशेष वितरण नीति की समीक्षा की, ने सरकार को उच्च हस्तांतरण की सिफारिश की। मुख्य तौर पर, कुछ अपवादों के साथ, अधिशेष हस्तांतरण की मात्रा का औसत, सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.5% है।

36.

उत्तर: C

व्याख्या:

- फोरम शॉपिंग वादियों या वकीलों द्वारा जान-बूझकर किसी विशेष न्यायाधीश या न्यायालय का चयन करने के अभ्यास को संदर्भित करता है जहाँ उनका मानना है कि निर्णय उनके मामले के लिये अधिक अनुकूल होगा। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह न्याय की सामान्य प्रक्रिया को बाधित करता है और न्यायालयों के कार्यभार में असंतुलन पैदा कर सकता है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने फोरम शॉपिंग को "न्यायालयों द्वारा एक विवादित प्रथा" के रूप में करार दिया, जिसे विजय कुमार घई बनाम पश्चिम बंगाल राज्य में "कानूनी रूप से कोई मंजूरी और सर्वोच्चता नहीं है"। **अत: कथन 2 सही है।**

37.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत से निर्यात किये जा रहे कफ सिरप के नमूनों में डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल मिला हुआ है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने गाम्बिया, उज़्बेकिस्तान, माइक्रोनेशिया और मार्शल द्वीप समूह में मृत्यु संबंधी दूषित भारतीय-निर्मित सिरप की पहचान की है।
- अनिवार्य परीक्षण लागू करने का निर्णय दूषित कफ सिरप की खोज से उत्पन्न होता है जिसके कारण गाम्बिया और उज़्बेकिस्तान में बच्चों की दुखद मृत्यु हुई। **अत: कथन 2 सही है।**

38.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत सभी देशों की संप्रभुता और अखंडता का समर्थन करता है और ग्लोबल साउथ के स्तर को विस्तृत करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार की साझा प्राथमिकता पर ज़ोर देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत ने PIC में स्वास्थ्य सेवा, साइबर स्पेस, स्वच्छ ऊर्जा, जल और छोटे एवं मध्यम उद्यमों के क्षेत्रों में 12-पॉइंट विकास कार्यक्रम का भी अनावरण किया। **अत: कथन 2 सही है।**
    - भारत, फिजी में एक सुपर-स्पेशियलिटी कार्डियोलॉजी अस्पताल स्थापित करेगा। सभी 14 PIC में डायलिसिस यूनिट एवं समुद्री एम्बुलेंस शुरू करेगा और सस्ती दवाएँ उपलब्ध कराने हेतु जन औषधि केंद्र भी स्थापित करेगा।

39.

उत्तर: D

व्याख्या:

- गंगा के दक्षिणी (दाहिने तट) पर दूसरी सबसे बड़ी सहायक नदी के रूप में रैंकिंग, सोन नदी आकार में यमुना नदी का अनुसरण करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सोन नदी छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित चार राज्यों से होकर गुजरती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ज़िले में अमरकंटक पहाड़ी के समीप से निकलती है और अंत में बिहार में पटना के समीप गंगा नदी में मिल जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

40.

उत्तर: (d)

- गॉर्ज एक गहरी घाटी होती है जिसमें सीधी और खड़ी चढ़ाई होती है। कठोर चट्टानों में घाटियाँ बनती हैं। इंडस गॉर्ज जम्मू-कश्मीर के लद्दाख ज़िले में है। अत: युग्म 1 सही है।
- घाटी का निर्माण वहाँ होता है जहाँ वर्षा बहुत कम होती है। ब्राइस कैनियन अमेरिका में है। **अत: युग्म 2 सही है।**
- नियाग्रा फॉल्स कनाडा में है। **अत: युग्म 3 सही है।**

नोट :

41.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कैथोड सामग्री वह इलेक्ट्रोड है जहाँ बैटरी की निर्वहन/डिस्चार्ज प्रक्रिया के दौरान सोडियम आयनों को संग्रहीत किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सोडियम-आयन बैटरी अपनी कम लागत, उच्च उपलब्धता और पर्यावरण पर कम प्रभाव के कारण वर्तमान में लिथियम-आयन बैटरी तकनीक के संभावित विकल्प के रूप में उभर रही है।
- सोडियम-ट्रांज़ीशन-मेटल-ऑक्साइड (Na-TM-Oxide) आधारित कैथोड सामग्री वायु/जल-अस्थिरता और संरचनात्मक-सह-विद्युत रासायनिक अस्थिरता की चुनौतियों का समाधान करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

42.

उत्तर: B

व्याख्या:

- लोकुर समिति (1965) के अनुसार, आवश्यक विशेषताएँ हैं:
  - आदिम लक्षणों के संकेत
  - विशिष्ट संस्कृति
  - बड़े पैमाने पर समुदाय के साथ संपर्क करने में संकोच
  - भौगोलिक अलगाव
  - पिछड़ापन **अतः विकल्प B सही है।**

43.

उत्तर: D

व्याख्या:

- चांगथी परियोजना को समाज में प्रवासी मज़दूरों द्वारा सामना किये जाने वाले बहिष्करण को उजागर करने हेतु डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस कार्यक्रम को पहली बार 15 अगस्त, 2017 को पेरुम्बवूर, केरल में लॉन्च किया गया था।
- इस परियोजना का उद्देश्य प्रवासी श्रमिकों को मलयालम और हिंदी में पढ़ना एवं लिखना सिखाना है। **अतः कथन 2 सही है।**

44.

उत्तर: (b)

व्याख्या:

- सैलामैंडर (छिपकली जैसे उभयचर) की एक प्रजाति एक्सोलॉटल में खोए हुए शरीर के अंगों को पुन: उत्पन्न करने की असाधारण क्षमता होती है, जो शोधकर्त्ताओं को इस अनूठी पुनर्योजी शक्ति के रहस्यों को जानने के लिये प्रेरित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- एक्सोलॉटल उभयचर हैं जो अपना पूरा जीवन जल में व्यतीत करते हैं। वे केवल एक ही स्थान पर (मेक्सिको सिटी के पास ज़ोचिमिल्को झील में) पाए जाते हैं। यह झील कृत्रिम धाराओं, छोटी झीलों और अस्थायी आर्द्रभूमियों का एक नेटवर्क है जो मेक्सिको सिटी के 18 मिलियन निवासियों को जल की आपूर्ति करने में मदद करती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) ने एक्सोलॉटल को वर्ष 2006 से गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों के रूप में वर्गीकृत किया है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

45.

उत्तर: D

व्याख्या:

- ब्राज़ील में रियो डी जनेरियो में पृथ्वी शिखर सम्मेलन (1992) में जैविविविधता अभिसमय (CBD) पर हस्ताक्षर किये गए थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- जैविविविधता अभिसमय का सचिवालय (CBD) मॉन्ट्रियल, कनाडा में स्थित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- नागोया प्रोटोकॉल एक कानूनी साधन है जो आनुवंशिक संसाधनों तक पहुँच और लाभों के उचित एवं न्यायसंगत बँटवारे पर केंद्रित है। **अत: कथन 3 सही है।**

46.

उत्तर: (b)

व्याख्या:

- ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म को किसी खिलाड़ी के लिये स्रोत पर कर कटौती करने की आवश्यकता नहीं होगी यदि जीत की निवल राशि 100 रुपए से अधिक न हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- ऑनलाइन गेमिंग कंपनी द्वारा प्रदान किये जाने वाले बोनस, रेफरल बोनस और प्रोत्साहन को कर योग्य जमा राशि के रूप में गणना की जाती है। ये जमा राशि, आयकर अधिनियम के नियम-133 के तहत कर के अधीन होंगे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने हाल ही में भारत में ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के लिये नए कर नियम पेश किये हैं। इन नियमों का उद्देश्य ऑनलाइन गेमिंग से जीत पर स्पष्टता लाने और स्रोत पर कर कटौती (TDS) के लिये दिशा-निर्देश स्थापित करना है। **अत: कथन 3 सही है।**

47.

उत्तर: (c)

व्याख्या:

- 4.7 बिलियन की आबादी वाले G20 राष्ट्रों में बड़े जोखिम, संपत्ति संग्रहण से जोखिम और प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में हैं। मौजूदा वैश्विक जोखिम सूचकांक में शीर्ष 10 कमज़ोर देशों में से चार G20 के देश हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण वर्ष 2015-2030 के लिये सेंदाई फ्रेमवर्क, ह्योगो फ्रेमवर्क का उत्तरोत्तर साधन है। यह आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये एक पहल है। **अत: कथन 2 सही है।**

48.

उत्तर: D

व्याख्या:

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI):

- FDI एक प्रकार का सीमा-पार निवेश है जिसमें एक देश का निवेशक दूसरे देश में एक उद्यम स्थापित करना चाहता है।
- FDI विभिन्न रूपों में हो सकता है, जैसे शेयर प्राप्त करना, सहायक या संयुक्त उद्यम स्थापित करना, ऋण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रदान करना।
    - FDI को आर्थिक विकास का एक प्रमुख चालक माना जाता है, क्योंकि यह मेज़बान देश के लिये पूंजी, प्रौद्योगिकी, कौशल, बाज़ार पहुँच और रोज़गार के अवसर प्रदान कर सकता है।
- आर्थिक विकास का एक महत्त्वपूर्ण चालक होने के अलावा FDI भारत के आर्थिक विकास के लिये एक प्रमुख गैर-ऋण वित्तीय संसाधन रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**

भारत में FDI अंतर्प्रवाह के रुझान और पैटर्न:

- परिचय:
    - भारत अपने बड़े व बढ़ते घरेलू बाज़ार, अनुकूल जनसांख्यिकी, राजनीतिक स्थिरता, उदार नीतिगत ढाँचे और व्यापार करने में आसानी के कारण हाल के वर्षों में FDI के लिये सबसे आकर्षक स्थानों में से एक है। **अत: कथन 2 सही है।**

- उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) के अनुसार, भारत का संचित FDI प्रवाह अप्रैल 2000 से जून 2022 के बीच 871.01 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- वैश्विक निवेश रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत वर्ष 2021 के लिये शीर्ष 20 मेज़बान अर्थव्यवस्थाओं में 7वें स्थान पर है। अत: कथन 3 सही है।
  - वित्तीय वर्ष- 22 में भारत को सेवा क्षेत्र में 7.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर FDI इक्विटी अंतर्प्रवाह सहित 84.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का उच्चतम FDI अंतर्प्रवाह प्राप्त हुआ।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 में देश-वार FDI इक्विटी अंतर्प्रवाह:
  - सिंगापुर (27.01%), अमेरिका (17.94%), मॉरीशस (15.98%), नीदरलैंड (7.86%) और स्विट्ज़रलैंड (7.31%) FDI इक्विटी अंतर्प्रवाह के लिये शीर्ष 5 देशों के रूप में उभरे हैं।

49.

उत्तर: (c)

व्याख्या:

- नार्को विश्लेषण परीक्षण में, सोडियम पेंटोथल नामक एक दवा को आरोपी के शरीर में इंजेक्ट किया जाता है, जो उन्हें एक कृत्रिम निद्रावस्था या निश्चेत (बेहोशी) अवस्था में ले जाती है जिसमें उनकी चेतना शून्य हो जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- नार्को विश्लेषण, केवल आरोपी की सहमति से ही कराया जा सकता है और वह भी उन्हें उनके अधिकारों और परिणामों की जानकारी देने के बाद। **अत: कथन 2 सही है।**

50.

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- सर्वोच्च न्यायालय के तहत भारत की विधि-व्यवस्था बनाए रखने में ज़िला न्यायपालिका की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया है और इसकी स्वतंत्रता को संविधान की मूल संरचना का एक अभिन्न अंग घोषित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अनुच्छेद-233 ज़िला न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ज़िला न्यायाधीश की नियुक्ति राज्य के राज्यपाल द्वारा राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अनुशंसा पर की जाती है। ज़िला न्यायाधीश के अतिरिक्त कार्यभार के आधार पर कुछ अतिरिक्त ज़िला न्यायाधीश और सहायक ज़िला न्यायाधीश हो सकते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

51.

उत्तर: B

व्याख्या:

भारतीय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (National Human Rights Commission- NHRC):

- परिचय:
  - भारत का NHRC एक स्वतंत्र वैधानिक निकाय है जिसकी स्थापना 12 अक्तूबर, 1993 को मानवाधिकार अधिनियम, 1993 के संरक्षण के प्रावधानों के अनुसार की गई थी, जिसे बाद में वर्ष 2006 में संशोधित किया गया था।
  - यह पेरिस सिद्धांतों के अनुरूप स्थापित किया गया था, जिसे पेरिस (अक्तूबर 1991) में मानवाधिकारों के प्रचार एवं संरक्षण हेतु अपनाया गया था तथा 20 दिसंबर, 1993 को इसका समर्थन किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- संरचना:
  - प्रमुख सदस्य: यह एक बहु-सदस्यीय निकाय है जिसमें एक अध्यक्ष, पाँच पूर्णकालिक सदस्य और सात डीम्ड सदस्य शामिल हैं।
    - कोई व्यक्ति जो भारत का मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश रह चुका हो, अध्यक्ष बन सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- ◆ नियुक्ति: अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा छह सदस्यीय समिति की सिफारिशों पर की जाती है, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा के अध्यक्ष, राज्यसभा के उपसभापति, दोनों संसद के विपक्ष के नेता और केंद्रीय गृह मंत्री शामिल होते हैं।
- ◆ कार्यकाल: अध्यक्ष और सदस्य तीन वर्ष की अवधि के लिये या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद धारण कर सकते हैं।
  - ■ राष्ट्रपति कुछ परिस्थितियों में अध्यक्ष या किसी सदस्य को पद से हटा सकता है।
- ◆ निष्कासन: इन्हें केवल अक्षमता साबित होने के आरोप में हटाया जा सकता है, अगर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा की गई जाँच से साबित हो जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- ◆ प्रभाग: आयोग के पाँच विशिष्ट प्रभाग भी हैं, अर्थात् विधि प्रभाग, अन्वेषण प्रभाग, नीति अनुसंधान एवं कार्यक्रम प्रभाग, प्रशिक्षण प्रभाग और प्रशासन प्रभाग।

52.

उत्तर: C

व्याख्या:

कंप्यूटिंग में FLOPs:

- परिचय:
  - ◆ FLOPs अथवा प्रति सेकंड फ्लोटिंग-पॉइंट ऑपरेशंस, एक मीट्रिक है जिसका उपयोग कंप्यूटेशनल प्रदर्शन और उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग (High-Performance Computing - HPC) एवं AI में दक्षता को मापने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - ■ PFLOPs के मामले में दुनिया का सबसे तेज़ कंप्यूटर Hewlett Packard Enterprise Frontier या OLCF-5 है, जिसमें 1,685.65 के चरम प्रदर्शन की क्षमता है।
    - ■ भारत का पहला सुपरकंप्यूटर PARAM 8000 को वर्ष 1991 में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

53.

उत्तर: D

व्याख्या:

हल्के लड़ाकू विमान (LCA):

- परिचय:
  - ◆ LCA कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा वर्ष 1984 में शुरू किया गया था जब उसने LCA कार्यक्रम के प्रबंधन के लिये वैमानिकी विकास एजेंसी (ADA) की स्थापना की थी। **अत: कथन 1 सही है।**
    - ■ भारत का पहला स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान तेजस था। **अत: कथन 2 सही है।**
- विशेषताएँ:
  - ◆ इसे वायु से वायु, वायु से सतह, सटीक निर्देशित, हथियारों की एक श्रृंखला ले जाने के लिये डिज़ाइन किया गया। **अत: कथन 3 सही है।**
  - ◆ उड़ान के दौरान ईंधन भरने की क्षमता।

54.

उत्तर: D

व्याख्या:

कॉपीराइट उल्लंघन एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के बीच संबंध:

- ◆ प्रशिक्षित डेटा के रूप में कॉपीराइट सामग्री का उपयोग:
- चैटजीपीटी जैसे AI सिस्टम को अक्सर अपने एल्गोरिदम को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित करने के लिये बड़ी मात्रा में डेटा की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही है।**

- समुचित एवं परिवर्तनकारी उपयोग:
  - समुचित उपयोग अमेरिका का एक विधिक सिद्धांत है (जैसा कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हाल महसूस किया है) जो कुछ परिस्थितियों में बिना अनुमति के कॉपीराइट सामग्री के सीमित उपयोग की अनुमति देता है।
- भारत में एआई-जनित सामग्री की वर्तमान कानूनी स्थिति:
  - भारतीय कॉपीराइट अधिनियम, 1957 और पेटेंट अधिनियम, 1970 कॉपीराइट उल्लंघन के लिये उचित व्यवहार और प्रगणित अपवादों के लिये विशिष्ट प्रावधान प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - AI मॉडलों के प्रशिक्षण के लिये कॉपीराइट सामग्री का उपयोग भारत में एक वैधानिक ग्रे क्षेत्र के अंतर्गत आता है। **अत: कथन 3 सही है।**

55.

उत्तर: C

व्याख्या:

XPoSat:

- परिचय:
  - XPoSat, का पूर्ण रूप एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट है।
  - यह भारत का अग्रणी पोलरिमेट्री मिशन है जिसका उद्देश्य विषम परिस्थितियों में खगोलीय स्रोतों की विभिन्न गतिकी का अध्ययन करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - नासा के इमेजिंग एक्स-रे पोलारिमेट्री एक्सप्लोरर (IXPE) के बाद एक्स-रे का उपयोग करनए वाला यह विश्व का दूसरा पोलरिमेट्री मिशन है जिसे 2021 में प्रमोचित किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - XPoSat, इसरो और रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (RRI) का संयुक्त प्रयास है।

56.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सक्रिय भागीदारी के साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं एवं रणनीतियों का एक साझा दृष्टिकोण विकसित करने के लिये विश्वसनीय प्रमुख निकाय है।
  - यह अंतर-क्षेत्रीय, अंतर-विभागीय और संघीय मुद्दों पर चर्चा करने हेतु एक मंच है।
- इसमें सम्मिलित हैं:
  - भारत का प्रधानमंत्री।
  - विधायिका वाले सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री।
  - अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल।
  - नीति आयोग के पदेन सदस्य और उपाध्यक्ष,
  - नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य।
  - विशेष आमंत्रित सदस्य।
- नीति आयोग शासी परिषद में विपक्ष के नेता शामिल नहीं हैं। अत: दिये गए विकल्पों में से केवल एक ही गलत है। **अत: विकल्प A सही है।**

नोट :

57.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) एक डेटाबेस है जिसमें देश के सभी सामान्य निवासियों की सूची होती है।
  - NPR के प्रयोजन के लिये सामान्य निवासी वह व्यक्ति है जो किसी स्थान पर 6 महीने या उससे अधिक समय से रह रहा है और वहाँ 6 महीने या उससे अधिक समय तक रहने का इरादा रखता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका उद्देश्य देश में रहने वाले लोगों का एक व्यापक पहचान डेटाबेस तैयार करना है।
  - यह जनगणना के "मकान सूचीकरण" चरण के दौरान घर-घर जाकर गणना के माध्यम से उत्पन्न होता है।
  - NPR पहली बार वर्ष 2010 में शुरू किया गया था। इसे वर्ष 2015 में अपडेट किया गया था और इसमें पहले से ही 119 करोड़ निवासियों का विवरण है।
- NPR नागरिकता अधिनियम 1955 और नागरिकता नियम, 2003 (नागरिकों का पंजीकरण और राष्ट्रीय पहचान पत्र जारी करना) के प्रावधानों के तहत तैयार किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - प्रत्येक "भारत के सामान्य निवासी" के लिये NPR में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

58.

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना वर्ष 2020-21 के कोविड वर्ष के लिये नीति आयोग के वार्षिक 'स्वास्थ्य सूचकांक' में 'बड़े राज्यों' में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों के रूप में सामने आये।
  - 19 'बड़े राज्यों' में केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना समग्र प्रदर्शन के मामले में क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2017 में, नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (NITI Aayog) ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) तथा विश्व बैंक के सहयोग से सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों (UTs) में समग्र प्रदर्शन तथा वृद्धिशील प्रदर्शन पर नज़र रखने के लिये एक वार्षिक स्वास्थ्य सूचकांक शुरू किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

59.

उत्तर: A

व्याख्या:

खीर भवानी मेला:

- कश्मीरी पंडित जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में माता खीर भवानी मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा पर जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- मेला खीर भवानी का इतिहास सदियों पुराना है, जो लोगों की दिव्य, माँ रागन्या देवी के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। यह ज्येष्ठ माह (जून-जुलाई) में शुक्ल पक्ष या चंद्रमा के वैक्सिंग चरण के दौरान अष्टमी के दिन मनाया जाता है। यह जीवंत उत्सव इस क्षेत्र में प्रचलित सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व और सांप्रदायिक सद्भाव को प्रदर्शित करता है, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है और कश्मीर की समृद्ध विरासत के लिये एक साझा प्रदर्शन प्रस्तुत करता है।

60.

उत्तर: C

व्याख्या:

IRDAI विज़न 2047:

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने वर्ष 2047 तक सभी के लिये विज़न इंश्योरेंस के रूप में भारत में बीमा क्षेत्र को व्यापक बनाने हेतु सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रत्येक बीमाकर्त्ता को योजना में शामिल किया है।

नोट :

- बीमा गतिविधियों में आने वाली समस्यों को कम करने हेतु IRDAI जीवन बीमा फर्मों के सहयोग से बीमा ट्रिनिटी लॉन्च करने की भी योजना बना रहा है, जिसमें - बीमा सुगम, बीमा विस्तार, बीमा वाहक शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

IRDAI विज़न 2047:

- उद्देश्य:
  - वर्ष 2047 तक सभी के लिये बीमा सुनिश्चित करने का लक्ष्य है ताकि प्रत्येक नागरिक के पास एक उपयुक्त जीवन, स्वास्थ्य और संपत्ति बीमा कवर हो तथा प्रत्येक उद्यम को उचित बीमा समाधान द्वारा समर्थित किया जा सके।
  - इसका उद्देश्य भारतीय बीमा क्षेत्र को विश्व स्तर पर आकर्षक बनाना भी है। **अतः कथन 2 सही है।**
- स्तंभ:
  - बीमा ग्राहक (पॉलिसीधारक)
  - बीमा प्रदाता (बीमाकर्त्ता)
  - बीमा वितरक (मध्यस्थ)
- लक्षित क्षेत्र:
  - सही ग्राहकों को सही उत्पाद उपलब्ध कराना।
  - सुदृढ़ शिकायत निवारण तंत्र बनाना।
  - बीमा क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी हेतु इसे सुगम बनाना।
  - बाज़ार की गतिशीलता के अनुरूप नियामक संरचना सुनिश्चित करना।
  - नवाचार को बढ़ावा देना।
  - मुख्यधारा में प्रौद्योगिकी को लाते हुए प्रतिस्पर्द्धा और वितरण दक्षता के साथ सिद्धांत आधारित नियामक व्यवस्था की ओर बढ़ना।



61.

उत्तर: C

व्याख्या:

- विपरीत परिसंचरण महासागर धाराओं का एक वैश्विक नेटवर्क है जो धीरे-धीरे आसपास के जल द्रव्यमान के साथ मिश्रित होता है, गर्मी, कार्बन और पोषक तत्त्वों का आदान-प्रदान करता है। आखिरकार, इस संशोधित पानी का अपवेलिंग अन्य क्षेत्रों में होता है, जो विपरीत परिसंचरण को पूरा करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- विपरीत परिसंचरण पृथ्वी पर जलवायु स्थिरता बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह ग्रह की जलवायु प्रणाली को प्रभावित करते हुए गर्मी, कार्बन और पोषक तत्त्वों के परिवहन की सुविधा प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- अंटार्कटिक की बर्फ के पिघलने से अंटार्कटिक तलीय जल का निर्माण बाधित होता है जिससे सतही जल ताज़ा और कम घना हो जाता है जिससे उसका डूबना बाधित हो जाता है। यह व्यवधा न परिवर्तित परिसंचरण को कमज़ोर करता है जिससे गहरे समुद्र में ऑक्सीजन की आपूर्ति कम हो जाती है। अतः कथन 4 सही नहीं है।
- नीचे के जल को गर्म तथा ऑक्सीजन रहित पानी से बदलने से ऑक्सीजन के स्तर में गिरावट आती है। इसके अतिरिक्त पिघलने वाली बर्फ थर्मल विस्तार के माध्यम से समुद्र के बढ़ते स्तर में योगदान करती है क्योंकि गर्म पानी अधिक स्थान घेरता है। **अतः कथन 2 सही है।**

62.

उत्तर: A

व्याख्या:

- विटामिन B12, जिसे सायनोकोबलामिन के रूप में भी जाना जाता है, अधिकांश बैक्टीरिया और शैवाल द्वारा एंजाइम की मदद से संश्लेषित किया जाता है।
  - फोलेट विटामिन B9 का प्राकृतिक रूप है जो जल में घुलनशील और कई खाद्य पदार्थों में स्वाभाविक रूप से पाया जाता है।
    - इसे खाद्य पदार्थों में भी शामिल किया जाता है तथा फोलिक एसिड के पूरक के रूप में बिक्री की जाती है।
  - यह सूक्ष्मजीवों में संश्लेषित होता है जो पशु मूल के भोजन में समावेश के माध्यम से मानव खाद्य शृंखला में प्रवेश करते हैं।
  - ये मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के सामान्य कार्य के लिये भी महत्त्वपूर्ण हैं।
  - लौह (Iron) की कमी इसका सबसे सामान्य लक्षण है। इसके साथ ही फोलेट (Folet), विटामिन बी 12 और विटामिन ए की कमी, दीर्घकालिक सूजन और जलन ,परजीवी संक्रमण और आनुवंशिक विकार भी एनीमिया के कारण हो सकते है। एनीमिया की गंभीर स्थिति में थकान, कमज़ोरी ,चक्कर आना और सुस्ती इत्यादि समस्याएँ होती है।
- विटामिन B12 की कमी से घातक रक्ताल्पता की स्थिति उत्पन्न होती है। इसका कारण ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है। घातक रक्ताल्पता में कुअवशोषण विटामिन B12 के अवशोषण हेतु आवश्यक आंतरिक कारकों की कमी या हानि के कारण होता है। **अतः कथन A गलत है, अतः विकल्प A सही है।**

63.

उत्तर: D

व्याख्या:

सेन्गोल का ऐतिहासिक महत्त्व:

- सेन्गोल अर्थ में गहरा है, जो तमिल शब्द "सेम्मई" से लिया गया है, जिसका अर्थ है "धार्मिकता"। यह सोने या चाँदी से बनाया जाता था और सामान्यतः कीमती पत्थरों से सजाया जाता था।
  - सेन्गोल राजदंड को औपचारिक अवसरों में सम्राटों द्वारा उपयोग किया जाता था और उनके अधिकार का प्रतिनिधित्व करता था। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह दक्षिण भारत में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले और सबसे प्रभावशाली राजवंशों में से एक चोल साम्राज्य से संबंधित है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - चोला साम्राज्य ने 9वीं से 13वीं शताब्दी तक तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और श्रीलंका के कुछ हिस्सों पर शासन किया।
  - वह अपने सैन्य कौशल, समुद्री व्यापार, प्रशासनिक दक्षता, सांस्कृतिक संरक्षण और मंदिर वास्तुकला के लिये प्रसिद्ध थे।
- चोल साम्राज्य में उत्तराधिकार और वैधता के चिह्न के रूप में एक राजा से दूसरे राजा को सेन्गोल राजदंड सौंपने की परंपरा थी।
  - यह कार्य आमतौर पर एक उच्च पुजारी या एक गुरु द्वारा किया जाता था जो नए राजा को आशीर्वाद और उसे सेन्गोल से सम्मानित करता था। **अतः कथन 3 सही है।**

64.

उत्तर: C

व्याख्या:

कॉफी:

- खेती और जैवविविधता:
  - भारत में कॉफी बागान प्रथाएँ:
- यह मुख्य रूप से प्राकृतिक छाया में उगाई जाती है।
- मुख्यत: पश्चिमी और पूर्वी घाट के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में।
  - जैवविविधता हॉटस्पॉट:
- इन क्षेत्रों में स्थित कॉफी बागानों को जैवविविधता हॉटस्पॉट के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- भारत की अनूठी जैवविविधता में महत्त्वपूर्ण योगदानकर्त्ता।
  - निर्यात एवं घरेलू खपत:
- भारत में उत्पादित कॉफी का लगभग 65% से 70% निर्यात किया जाता है और शेष कॉफी का घरेलू स्तर पर उपभोग किया जाता है।
  - स्थिरता एवं सामाजिक-आर्थिक विकास में भूमिका:
- कॉफी की खेती जैवविविधता को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- यह दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है।
    - भारत में कॉफी बागान पश्चिमी और पूर्वी घाटों के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में होता है। **अत: कथन 1 सही है।**

भौगोलिक वितरण और किस्में:

  - भारत में कॉफी बागान क्षेत्र:
- कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश (अराकू घाटी), ओडिशा, मणिपुर, मिज़ोरम और अन्य पूर्वोत्तर राज्य।
  - प्रमुख कॉफी उत्पादक:
- कर्नाटक में भारत के कुल कॉफी उत्पादन का लगभग 70% हिस्सा उगाया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - भारत में कॉफी की किस्में:
  - अरेबिका और रोबस्टा। **अत: कथन 3 सही है।**
  - अरेबिका की विशेषताएँ:
  - यह अधिक ऊँचाई पर उगाई जाती है और इसकी सुगंध के कारण इसका बाज़ार मूल्य अधिक होता है।
  - रोबस्टा की विशेषताएँ:
  - इसे इसकी क्षमता हेतु जाना जाता है, जिसका विभिन्न मिश्रणों में प्रयोग किया जाता है।

65.

उत्तर: A

व्याख्या:

अंतर-संसदीय संघ (IPU):

- परिचय:
  - IPU राष्ट्रीय संसदों का एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इसकी स्थापना वर्ष 1889 में पेरिस में हुई थी।
  - यह संघर्ष के मध्यस्थता के लिये संयुक्त राष्ट्र (UN), क्षेत्रीय संसदीय संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय अंतर-सरकारी संगठनों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ घनिष्ठ सहयोग के साथ कार्य करता है।
  - यह पूरे विश्व में राजनीतिक विचारों और रुझानों को देखने का एक अनूठा मंच है।

नोट :

- उद्देश्य:
  - पूरे विश्व में संसदीय संवाद को बढ़ावा देना तथा लोगों के बीच शांति और सहयोग के लिये कार्य करना। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अपने सदस्यों के बीच लोकतांत्रिक शासन, जवाबदेही और सहयोग को बढ़ावा देना।
- नारा:
  - लोकतंत्र के लिये। सभी के लिये।
- कार्य:
  - छह मुख्य क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय चिंताओं को दूर करके संसदीय कार्रवाई को बढ़ावा देना:
    - प्रतिनिधिक लोकतंत्र।
    - शांति एवं सुरक्षा।
    - सतत् विकास।
    - मानवाधिकार और मानवीय कानून।
    - राजनीति में महिलाएँ।
    - शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति।
- सदस्य:
  - 179 सदस्य और 14 सहयोगी सदस्य।
  - भारत इसका सदस्य है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- मुख्यालय:
  - जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड। **अतः कथन 2 सही है।**